# घुटुवन चले नन्दलाल | Sunil Sarvottam

छोटो सो कन्हैया छोटी छोटी पइयाँ
घुटुवन घुटुवन चले नन्दलाल
करे लीला न्यारी न्यारी ........
करे लीला न्यारी न्यारी मेरो मदन गोपाल

ठुमक ठुमक चले कान्हा कैसे प्यारो लागे
जो भी देखे नज़र हटे न जग से न्यारो लागे
मोटे मोटे नैना उसके घूँघरवाले बाल
करे लीला न्यारी न्यारी ........
करे लीला न्यारी न्यारी मेरो मदन गोपाल

दूध दही माखन को वो तो बड़ो ही चटोरो
जहाँ भी देखी माखन मटकी हाथ वा में बोरो
खावे और तन पे लिपटावे करले बुरो हाल
करे लीला न्यारी न्यारी ........
करे लीला न्यारी न्यारी मेरो मदन गोपाल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%98%e0%a5%81%e0%a4%9f%e0%a5%81%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-sunil-sarvottam/